ये कैसा संगठन सृजन, बिना रायशुमारी के ही बना दिया ब्लॉक अध्यक्ष

कांग्रेस की सूची में बेरछा ब्लॉक ही नहीं है, लेकिन अध्यक्ष की घोषणा हो गई

शाजापुर, 19 दिसंबर. कांग्रेस ने संगठन का सृजन करने के लिए कवायद की थी, लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा के बाद संगठन का सृजन कम, विसर्जन ज्यादा नजर आ रहा है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए रायशुमारी हुई थी, प्रभारी भेजे गए थे, लेकिन बेरछा ब्लॉक के लिए न तो रायशुमारी हुई, न ही कोई प्रभारी नियुक्त हुआ. लेकिन उसके बाद भी बेरछा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई. अब ये कैसा संगठन सृजन है कि एक तरफ रायशुमारी की बात करके आम लोगों से संगठन से जुड़ने के लिए अध्यक्ष का चयन किया जा रहा है, दूसरी तरफ बिना रायशुमारी के ही, बिना प्रभारी के ही, बिना ब्लॉक के ही अध्यक्ष बना दिया.

गौरतलब है कि शाजापुर जिले में 8 ब्लॉक थे. शाजापुर विधानसभा में मक्सी, बड़ोदिया, शाजापुर, शुजालपुर विधानसभा में शुजालपुर, अकोदिया, गुलाना और कालापीपल विधानसभा में कालापीपल, अरनियाकलां. इसके बाद 4 नए उपब्लॉक बनाए गए, जिनमें सुंदरसी, सलसलाई, खोकराकलां, पोलायकलां को शामिल किया गया. हालांकि बेरछा को भी उप ब्लॉक बनाया, लेकिन कांग्रेस की राजनीतिक दृष्टि में बेरछा आज भी ब्लॉक नहीं है. और न ही रायशुमारी के लिए यहां कोई प्रभारी आया और न रायशुमारी हुई, लेकिन उसके बाद भी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की सूची में बेरछा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का मनोनयन हो गया.

पिता भाजपा में रहे, पुत्र ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

नेताओं की न कोई विचारधारा है, न पार्टी के प्रति वचनबद्धता. समय अनुकूल परिस्थिति में पार्टियां बदलने की परंपरा बन गई है. 2013 के विधानसभा चुनाव में अरुण भीमावद के विधायक बनते ही बेरछा के सत्तार मंसूरी ने भाजपा का दामन थाम लिया था, लेकिन 2018 के चुनाव में वे फिर कांग्रेस में वापस आ गए. अब उनके पुत्र को बेरछा ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है. याने 2013 में भाजपा की सत्ता का भी मजा लिया. 2018 में चंद महीने कांग्रेस की सत्ता का भी आनंद लिया और अब कांग्रेस के संगठन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का मजा लेंगे.

किसी ने नहीं की रायशुमारी, फिर भी ब्लॉक अध्यक्ष बन गए शकील...!

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए जो पर्यवेक्षक शाजापुर में रायशुमारी के लिए आए थे, उनके समक्ष तीन आवेदन आए थे, जिसमें एक आवेदन शकील खान का भी था. पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान को छोड़कर किसी के लिए भी रायशुमारी नहीं हुई और न ही किसी ने दूसरे दावेदारों के नाम लिए, लेकिन घोषणा हुई, तो शकील खान की. इस संबंध में पर्यवेक्षक अशोक परमार ने बताया कि आवेदन तीनों के आए थे, लेकिन रायशुमारी केवल इरशाद की हुई थी.

शुजालपुर में जोशी कांग्रेस और सिकरवार कांग्रेस के बीच उलझा मामला

शुजालपुर विधानसभा में बाकी ब्लॉकों की तो घोषणा हो गई, लेकिन शुजालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा जोशी कांग्रेस और सिकरवार कांग्रेस के बीच उलझकर रह गई. यहां भी संगठन सृजन का विसर्जन होता नजर आ रहा है. क्योंकि जिस तरीके से ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर क्षत्रप नेताओं में घमासान मचा हुआ है, उसे देखकर तो ऐसा लगता है कि 25 साल सत्ता से बाहर होने के बाद भी कांग्रेस में अभी भी बड़े नेताओं के कबीले और गुटबाजी चरम पर है.

इनका कहना है

प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई है. रही बात बेरछा ब्लॉक की तो वह उप ब्लॉक है, पूर्व में भी बेरछा में ब्लॉक अध्यक्ष रहे है. कांग्रेस संगठन द्वारा बेरछा को ब्लॉक बनाया जाना प्रस्तावित है.

– नरेश्वर प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष



जिला कांग्रेस कमेटी शाजापुर

जिलाध्यक्ष
नरेश्वर प्रतापसिंह
मो. 9926664201

निवास
24 मेन रोड आदर्श कालोनी शाजापुर
Email-nareshawarsinghchauhan@gmail.com

No. 15/25 Date 03/12/25

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला प्रभारी श्री निर्मल मेहता जी के निर्देश अनुसार ब्लाक वार प्रभारी नियुक्त किए जाते है जो अपने संबंधित ब्लाको में जाकर ब्लाक अध्यक्ष हेतु रायसुमारी करेगे व आवेदन प्राप्त करेगें।

क्र.	नाम	ब्लाक प्रभारी
1.	श्री अशोक परमार	शाजापुर
2.	श्री आशुतोष शर्मा	कालापीपल
3.	श्री भोजराज परमार	अकोदिया
4.	श्री गजेन्द्र सिसोदिया	मक्सी
5.	श्री नरेश कप्तान	अरनिया
6.	श्रीमति रचना जैन	खोखरा
7.	श्री राजकुमार कराड़ा	पोलाय
8.	श्री रामप्रसाद सोनानिया	सलसलाई
9.	श्री शरद शिवहरे	शुजालपुर
10.	श्री विजयपालसिंह डोडिया	मो.बडोदिया
11.	श्री विनीत दीक्षित	सुंदरसी
12.	श्री वरुण गांधि	गुलाना

समस्त नियुक्ति प्रभारीगण अपने-अपने संबंधित ब्लाक में जाकर 10 दिवस में जिला प्रभारी को अपनी रिपोर्ट व आवेदन प्रस्तुत करें।

अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
शाजापुर म.प्र.

प्रतिलिपि –
श्री हरिश चौधरी जी, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी म.प्र. कांग्रेस कमेटी
श्री जितु पटवारी जी, प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस कमेटी, भोपाल।
श्री संजय दत्त जी, राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी म.प्र. कांग्रेस कमेटी
श्री संजय कामले जी, संगठन महामंत्री म.प्र. कांग्रेस कमेटी
श्री ओम पटेल जी, सह प्रभारी जिला शाजापुर
श्री मनीष शर्मा जी, सह प्रभारी जिला शाजापुर

एक नजर में

गृह भेंट कर मां एवं बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया

शाजापुर, 19 दिसंबर. खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र परमार द्वारा शुक्रवार को मोरटा केवड़ी में गृह भेंट कर मां एवं बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. मां को बच्चे के खतरे के लक्षण, केएमसी और ब्रेस्ट फीडिंग की जानकारी दी गई. साथ ही नियमित रूप से एसएनसीयू में फॉलोअप करवाने की हिदायत दी गई. उल्लेखनीय है कि श्रीमती पूजा पति अनिल किर ग्राम लालपुरा उपस्वास्थ केंद्र मोरटा केवड़ी की निवासी हैं. एचआरडब्ल्यू में चिन्हित थी. इनको जिला अस्पताल शाजापुर में बर्थ वेटिंग रूम में विगत 21 नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक भर्ती रखा गया. 30 नवंबर 2025 को जिला अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी हुई, बच्चे को लो बर्थ वेट होने के कारण एसएनसीयूयू में 3 दिन तक भर्ती रखा गया. डिस्चार्ज के पश्चात आशा के द्वारा नियमित रूप से गृह भेट की जा रही है. साथ ही मेडिकल ऑफिसर डॉ. परमार द्वारा बेबी ऑफरजिया बी लालपुरा के बच्चे की चाइल्ड डेथ की कम्युनिटी वर्बल ऑटोप्सी की गई. लेवल ऑफ डिले को आइडेंटिफाई किया.

जिपं सीईओ ने आरसेटी प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया

शाजापुर, 19 दिसंबर. जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान ने गत दिवस बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर का निरीक्षण किया. जिसमें जिला पंचायत सीईओ द्वारा राजमिस्त्री विषय पर 19 नवंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक आयोजित प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई. साथ ही आरसेटी में फास्ट फूड विषय पर चल रहे प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी और आरसेटी का निरीक्षण किया गया. इस मौके पर जिला पंचायत आवास शाखा से जिला प्रबंधक बघेल, एनआरएलएम शाखा से जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार बलवंत शितोले, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज जोशी, जिला अग्रणी प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह, निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, संकाय राजेश परमार सहित मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे.

सविमं में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, 700 विद्यार्थी हुए शामिल

शाजापुर, 19 दिसंबर. दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई स्कूल में शुक्रवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया. इस परीक्षा में स्कूल के लगभग 700 छात्र .छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. आयोजकों ने बताया कि यह परीक्षा विद्या भारती द्वारा कुरुक्षेत्र के माध्यम से आयोजित की जाती है जो देश के साथ .साथ विदेशों में भी एक ही दिन आयोजित होती है. परीक्षा में वर्तमान विद्यार्थियों के अलावा स्कूल के पूर्व छात्र, पेरेंट्स, समाजजन तथा अन्य विद्यालयों के छात्र और शिक्षक भी शामिल होते हैं. परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, देश की भौगोलिक जानकारी, महान महापुरुषों के जीवन, वेदों और पौराणिक कथाओं से परिचित कराना है. इसके लिए विशेष रूप से तैयार पुस्तक में इन विषयों को सरल और रोचक भाषा में प्रस्तुत किया गया है. स्कूल में विद्यार्थी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में वर्षभर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं. परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं. स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिक मूल्य और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है.

संगठन का विसर्जन, आकाओं ने किया अपने-अपने का सृजन...

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

संगठन को मजबूत करने के लिए सृजन अभियान शुरू हुआ था, जिसमें दावा किया गया था कि रायशुमारी से पद दिए जाएंगे. लेकिन रायशुमारी होती है रामलाल की और पद मिलता है श्यामलाल को. संगठन का सृजन तो नहीं हुआ, क्षत्रप नेताओं ने अपने-अपने बेतालों को पदों पर बैठाकर उनका सृजनकर दिया. कार्यकर्ता पहले ही रायशुमारी और पर्यवेक्षक को औपचारिकता से ज्यादा नहीं मानते हैं. पर्यवेक्षक आते हैं, रायशुमारी होती है औरकार्यकर्ताओं को मामू बनाकर चले जाते हैं. जो क्षत्रप नेता कहते हैं, उनका ही संगठन में सृजन होता है. इस बार जिले में जो भी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं, वे कांग्रेस के कम क्षत्रप नेताओं के ज्यादा हैं. तो शाजापुर विधानसभा में कराड़ा कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने, तो शुजालपुर में जोशी कांग्रेस और सिकरवार कांग्रेस के अध्यक्ष बने. याने यहां कुल मिलाकर यह है कि संगठन सृजन का ये नया रंगमंच इस बार बेतालों से सजा है. इससे संगठन का सृजन तो नहीं हुआ, लेकिन क्षत्रप नेताओं ने अपने-अपने बेतालों का राजनीतिक सृजन जरूर कर दिया. सत्ता से बाहर होने के बाद भी कांग्रेस अभी भी कबीलों, गुटों, उपगुटों से बाहर नहीं आ पा रही है. आने वाले नगर पालिका चुनाव में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला कांग्रेस के लिए आत्मघाती बन सकता है. अब देखना यह है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन सृजन शुरू किया था, लेकिन हकीकत यह है कि मैदानी इलाकों में ये संगठन सृजन नहीं, संगठन के लिए विसर्जन साबित हो रहा है.

शहर में कम होंगे 5 हजार से अधिक मतदाता

शाजापुर शहर मेंइस बार एसआईआर के बाद लगभग 5 हजार से अधिक मतदाता कम होने की संभावना बन रही है. अब ये 5 हजार मतदाता किस दल के कम होंगे, ये तो फाइनल सूची के बाद पता चलेगा. लेकिन हर हाल में कांग्रेस की स्थिति एसआईआर के बाद खरबूजे जैसी हो जाएगी कि छूरी खरबूजे पर गिरे या खरबूजा छूरी पर, कटना खरबूजे को ही है.

भाजपाई कह रहे हैं कांग्रेस जीतना चाहिए और कांग्रेसी कह रहे भाजपा जीतना चाहिए

गुटबाजी भाजपा-कांग्रेस दोनों में लगभग बराबर ही है. फूफा कांग्रेस में भी कम नहीं है और भाजपा में भी इनकी कमी नहीं है. असंतुष्ट नेताओं की फौज कांग्रेस में भी पर्याप्त है और भाजपा में भी पर्याप्त है. जो असंतुष्ट भाजपाई हैं, वे कांग्रेस की जीतने की दुआ कर रहे हैं और जो असंतुष्ट कांग्रेसी हैं, वो भाजपा को जीत का आशीर्वाद दे रहे हैं. हालांकि चुनाव में अभी तीन साल हैं, लेकिन असंतुष्ट नेताओं की शतरंज की बिसात दोनों ही दलों में बिछने लगी हैं.

अंत में...

दलाल ने दलाल को दलाल कहा और अपनी दलाली को कमाल कहा.

शाजापुर और मो. बड़ोदिया की शालाओं का निरीक्षण करें अधिकारी

जिला स्तरीय एफएलएन स्टीयरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

शाजापुर, 19 दिसंबर. जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस जिला स्तरीय एफएलएन स्टीयरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई. बैठक में विकासखंडवार आंकड़ों के आधार पर कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की भाषा एवं गणित दक्षता का विस्तृत विश्लेषण किया गया.

विकासखंडवार बच्चों के लर्निंग लेवल पर गहन चर्चा की गई. कलेक्टर के समक्ष बीईओ, बीआरसीसी एवं बीएसी द्वारा विकासखंडवार एफएलएन की वर्तमान स्थिति, मासिक लर्निंग ट्रैकर के निष्कर्ष तथा सुधारात्मक कार्य योजनाएं प्रस्तुत की गई. कमजोर क्षेत्रों की पहचान करते हुए विकासखंडवार कार्ययोजना तैयार की गई, जिसमें शिक्षक सहयोग, अकादमिक सपोर्ट, शैक्षणिक सुधारात्मक गतिविधियों तथा नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया गया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी विकासखंडों से पिछले सत्र की तुलना में वर्तमान सत्र की प्रगति की जानकारी लेकर भाषा एवं गणित में बच्चों के शैक्षणिक स्तर में हुए सुधार की समीक्षा की. जिन शालाओं में निरंतर अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, वहां के शिक्षकों के विरुद्ध त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा जनपद पंचायत सीईओ, डीपीसी व डाइट के अधिकारी को विकासखण्ड शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया के जनशिक्षकों के साथ प्रत्येक 15 दिवस में समीक्षा करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी कमजोर प्रदर्शन करने वाली शालाओं की नियमित समीक्षा करें. कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को 10 से 15 जनवरी 2026 के मध्य विकासखंड शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया की शालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए.

मतदान दलों को प्रथम प्रशिक्षण दिया

शाजापुर, 19 दिसंबर. मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शाजापुर उप निर्वाचन-2025 उत्तरार्द्ध के लिए जिले की जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया की ग्राम पंचायत जामन में सरपंच पद के लिए 29 दिसम्बर को मतदान होना है. इसके लिए मतदान दलों को आज 11 से 2 बजे तक स्वामी विवेकानंद हॉल कलेक्टोरेट शाजापुर में जिला स्तरीय मास्ट्र ट्रेनर्स डॉ. सुनील आडवानी, सहायक प्राध्यापक, बीकेएसएन कॉलेज शाजापुर द्वारा प्रथम प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण में तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया, निर्वाचन अमला सहित अन्य उपस्थित थे.

खेल-खेल में 5 का सिक्का निगल गया मासूम

जिला अस्पताल में ऑपरेशन कर बचाई बच्चे की जान

शाजापुर, 19 दिसंबर. नगर के लक्ष्मी नगर में एक 3 साल के बच्चे के गले में खेलते समय 5 रुपए का सिक्का फंस गया. घटना शुक्रवार शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हुई. बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की तत्परता से उसकी जान बच गई.

बच्चे के पिता बदल जाटव ने बताया कि उनका बेटा लक्ष्य घर पर खेल रहा था. इसी दौरान उसने 5 रुपए का सिक्का मुंह में डाल लिया, जो अचानक उसके गले में फंस गया. परिजनों ने खुद सिक्का निकालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए. इसके बाद वे बच्चे को लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे. जहां जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.तेजपालसिंह जादौन ने बच्चे की जांच की. सबसे पहले एक्स रे कराया गया, जिससे गले में सिक्का फंसे होने की पुष्टि हुई. इसके बाद डॉ.जादौन ने ऑपरेशन कर दूरबीन की मदद से 5 रुपए का सिक्का बच्चे के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाल दिया. सिक्का बाहर निकलते ही बच्चे ने राहत की सांस ली. परिजनों ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया. फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है. डॉक्टरों ने परिजनों को छोटे बच्चों को खेलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है.

महक कटारिया का प्री नेशनल क्रिकेट कैंप के लिए चयन

मक्सी, 19 दिसंबर. शिवपुरी में आयोजित होने वाली 69वी राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट अंडर 19 बालिका वर्ग में मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर की कक्षा 12वी की छात्रा कुमारी महक कटारिया का प्री नेशनल क्रिकेट कैंप के लिए चयन हुआ.

मक्सी क्षेत्र के लिए यह गौरव का क्षण है कि स्थानीय छात्रा कुमारी महक कटारिया का चयन राष्ट्रीय प्री नेशनल कैंप के लिए हुआ. महक कटारिया ने अपनी कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट अंडर 19 बालिका के प्री नेशनल कैंप के लिए चयनित होकर शाजापुर जिले के मक्सी शहर का नाम रोशन किया. महक की इस सफलता से शहर के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिली है. मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर परिवार ने महक कटारिया के उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर एमपी मानसिंगका चैरिटी के चेयरमैन महावीर प्रसाद मानसिंगका, स्कूल डायरेक्टर श्रीमती सरिता मानसिंगका, स्कूल प्रबंधक दिनेश यादव, दिलीप भावसार, प्राचार्य श्रीमति नेहा विजयवर्गीय एवं खेल शिक्षक राजू राव के द्वारा महक को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. उक्त जानकारी खेल शिक्षक राजू राव द्वारा दी गई.

एक नजर में

एक-एक बोरी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा किसान

यूरिया खाद को लेकर आगर जिले में किसान के हाल बेहाल

फाईल फोटो

सोयतकलां, 19 दिसंबर. वैसे सरकार हर वर्ष बड़े-बड़े दावा करती है कि किसानों को यूरिया खाद की जो परेशानी होती है, वह अब नहीं होगी अब पर्याप्त मात्रा में किसानों को यूरिया खाद मिलेगा, लेकिन इसकी हकीकत आगर-मालवा जिले में कुछ और ही बयां कर रही है. देखने में आया है कि आगर मालवा जिले के सोयतकलां में किसानों का एक बोरी यूरिया खाद के लिए दर-दर की ठोकर खाना पड़ रही है.

बता दें सोसाइटी में खाद मिलता है, जो बड़े-बड़े खातेदारों को मिल जाता है. जिन किसानों का खाता सोसाइटी में नहीं है. वह खाद के लिए दर-दर की ठोखरें खाता है. सोसाइटी में जाता है, तो उसको मना कर दिया जाता है. आपका खाता नहीं है. आपको खाद नहीं मिलेगा और किसी किसान का खाता है, तो उसको प्रति बीघा के हिसाब से दो बोरी यूरिया दिया जा रहा है. साथ में एक नेनो की दवाई हाथ में थमा दी जाती है और कोई अधिकारी से इस विषय में बात करते हैं, तो अधिकारी बोलते हैं पर्याप्त खाद मिल रहा है, तो फिर चक्कर कौन लगा रहा है. जब सोयतकलां किसान संघ तहसील अध्यक्ष रामदयाल पाटीदार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि हमने खाद को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया है. पर सोयतकलां के व्यापारियों द्वारा खाद नहीं मंगवाया जा रहा है. इसकी वजह से यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है.

सोयत के चारों ओर यूरिया खाद की भरमार

सोयतकलां से 8 किलोमीटर दूर राजस्थान सीमा चवली की बात करें, तो पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद मिल रहा है. वहीं सोयतकलां से 8 किलोमीटर दूर राजगढ़ जिले की बात करें, तो वहां पर भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद है. वहीं 10 किलोमीटर दूर पिड़ावा राजस्थान, जहां पर भी यूरिया खाद की भरमार है, तो आखिरकार सोयतकलां में किसान यूरिया खाद को लेकर क्यों दर-दर की ठोकरें खा रहा है. यह कहीं ना कहीं प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकार की पोल खोल रहा है.

जिले के किसानों को कलेक्टर से आस...

पीड़ित किसान आगर जिले की कलेक्टर से आस लगाकर बैठे हैं कि कलेक्टर यूरिया खाद को लेकर समस्या का समाधान करेंगी. देखना दिलचस्प होगा कि क्या सोयतकलां क्षेत्र में यूरिया खाद को लेकर किसान ऐसे ही दर-दर की ठोकरें खाता है या फिर किसानों को यूरिया खाद समय पर मिले, इसके लिए प्रशासन कुछ कदम उठाएगा.

ईडब्ल्यूएस जनजागरुकता यात्रा का मक्सी में स्वागत

शाजापुर, 19 दिसंबर. ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग) के अधिकारों को लेकर पदाधिकारियों द्वारा यात्रा निकाली जा रही है. जिसके माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है. गत दिवस यह जनजागरुकता एवं जनसंपर्क यात्रा मक्सी पहुंची. जिसका श्री राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जादौन द्वारा स्वागत किया गया. यह यात्रा सवर्ण समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और ईडब्ल्यूएस वर्ग की आवाज को सशक्त रूप से उठाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है. सवर्णों को जागना होगा, अपने हक को पहचानना होगा, के प्रेरणादायी नारे के साथ निकली इस यात्रा का नेतृत्व अनुरागप्रतापसिंह राघव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जबकि यात्रा का संचालन विक्रमसिंह धोलिया द्वारा किया जा रहा है. यात्रा के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक ईडब्ल्यूएस आरक्षण, सामाजिक न्याय और अधिकारों से जुड़ी जानकारी पहुंचाई जा रही है.